
2026



डा 0 विभूति नारायण  सिंह  जूदेव
काशी नरेश

# काशी नरेश विश्वविद्यालय

# KASHI NARESH UNIVERSITY

ज्ञानपुर, भदोही, उत्तर प्रदेश

## प्रवेश पुस्तिका

**ADMISSION BULLETIN**

स्थापना वर्ष : 2026

परंपरा हमारी
प्रेरणा आपकी
भविष्य सभी का






विद्या से विकास, संस्कार से उत्थान

# FACILITIES IN
# Kashi Naresh University




## *Academic Excellence*

- **Institute Innovation Council** - Nurturing creativity & entrepreneurship
- **Minor Research Projects** - Encouraging impactful student research
- **Teaching-Learning Process** - Modern pedagogy with interactive methods



## *Infrastructure Strengths*



Smart Class Rooms



Research Laboratories



Botanical Garden



E-Library & Digital Resources

## *Major Instruments*



Hot Air Oven



Autoclaves



BOD Incubator



Laminar Air Flow



Digital pH Meter

Cerniitage, districtutg OFith /Norennic Baturencs

**Water Analysis Relv**



Departmental Library



Departmental Museum

*Knowledge, Comprehension, and Application – Your Path to a Bright Future*

## महाविद्यालय से विश्वविद्यालय तक गौरवशाली सफर

स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त उ0प्र0 शासन द्वारा एक आदर्श महाविद्यालय की कल्पना को साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए काशी नरेश राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय अगस्त 1951ई0 में स्थापित हुआ। इसकी स्थापना के मूल में पूर्व महाराज काशी नरेश डॉ0 विभूति नारायण सिंह जुदेव का विद्यानुराग एवं दानवृत्ति तथ तत्कालीन शिक्षामंत्री डॉ0 सम्पूर्णानन्द की उदात्त शैक्षिक मनोवृत्ति सन्निहित है। यह महाविद्यालय अपने स्थापना काल से ही सुदूर स्थानों के छात्रों के अध्ययन का आकर्षक केन्द्र रहा है।

ज्ञानपरु नगर, जनपद भदोही का मुख्यालय है। यह नगर वाराणसी से 63 किमी0 पश्चिम तथा प्रयागराज से 64 किमी0 पूरब जीटी रोड पर स्थित गोपीगंज नगर पालिका से 06 किमी0 उत्तर में स्थित है। सड़क मार्ग से यह स्थान वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज  तथा जौनपुर जनपद से जुड़ा है तथा रेल मार्ग से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रयागराज–गोर खपुर मार्ग पर स्थित ज्ञानपुर रोड स्टेशन से 07 किमी0 एवं उत्तर रेलवे के लखनऊ– प्रतापगढ़–वाराणसी मार्ग पर भदोही रेलवे स्टेशन से 13 किमी की दूरी पर स्थित है।

भदोही जनपद जो अपनी हस्तकला, सांस्कृतिक और शैक्षिक परम्पराओं के लिए प्रसिद्ध है, लम्बे समय से उच्च शिक्षा की आकांक्षाओं को संजोए हुए था। प्रारम्भ में यहाँ के विद्यार्थियों को केवल महाविद्यालय स्तर तक ही शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता था। महाविद्यालय ने क्षेत्र में शिक्षा का बीजारोपण किया तथा समय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि क्षेत्रीय विकास और विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विश्वविद्यालय की स्थापना आवश्यक है।

महाविद्यालय से शुरू हुई यह यात्रा धीरे–धीरे उच्च शिक्षा के विस्तार की ओर अग्रसर हुई। यह बहुत ही  हर्ष की बात है कि स्थापना के 75वें वर्ष में  प्रवेश करते ही उ0प्र0 के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्य नाथ जी ने काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही को 23 जून, 2025 में जनपद आगमन के दौरान राज्य विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की। फलतः इस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने के लिए उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय संशोधन का प्रस्ताव कैबिनेट बाय सर्कुलेशन के माध्यम से अनुमोदित किया गया। उ0प्र0 शासन के विधायी अनुभाग–1 के पत्र संख्या –06/79–वि0–1–2006–2–क–1/2026 दिनांक 14 जनवरी, 2026 द्वारा अधिसूचित होने के पश्चात उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय 1973 की धारा–4 में उपधारा (1–क) में खण्ड (ण) के अधीन उच्च शिक्षा अनुभाग–1 की अधिसूचना सं0 709 सत्तर–1–2026 दिनांक 08 मई, 2026 द्वारा काशी नरेश विश्वविद्यालय भदोही दिनांक 15 अप्रैल, 2026 को स्थापित किया है। उक्त तिथि से ही भदोही जनपद की अधिकारिता के अधीन आच्छादित जिले के समस्त महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से स्वतः सम्बद्ध समझे जाएँगे। सत्र 2026–27 से विश्वविद्यालय को परिचालित कार्य के लिए प्रशासनिक पदों का सृजन भी कर दिया गया है और विश्वविद्यालय के लिए 21 करोड़ रूपये का बजट भी आवंटित हो चुका है। कुलपति के रूप में उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार दिनांक 16 मई, 2026 को गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की गणित एवं सांख्यिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो0 उमा श्रीवास्तव ने कार्य भार ग्रहण कर लिया है। माननीय कुलपित महोदया के नेतृत्व में विश्वविद्यालय नवाचार शोध एवं उच्च शिक्षा के बहुत बड़े केन्द्र के रूप में विकसित होगा। हमारा उद्देश्य यह भी होगा कि भदोही के अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कालीन उद्योग से सम्बन्धित रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी विश्वविद्यालय में आरम्भ किये जायेंगे। महाविद्यालय से विश्वविद्यालय बनने की यह यात्रा भदोही के लिए गर्व का विषय है। अब स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वाराणसी, प्रयागराज या अन्य जनपदों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।

# विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम : **(UG + PG)**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 तथा उ० प्र० शासन द्वारा निर्देशित न्यूनतम समान पाठ्यक्रम को मुख्य केन्द्र में रखते हुए, विश्वविद्यालय एवं उसके स्थानीय परिधि में शैक्षणिक उन्नयन, बहु–विषयकता, अंर्तविषयकता तथा छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके बौद्धिक क्षमता के विकास को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं शिक्षा संकाय में कुल 21 पाठ्यक्रम (14 कला संकाय, 5 विज्ञान संकाय, 01 वाणिज्य एवं 01 शिक्षा संकाय) में संचालित हैं। इसी के साथ–साथ विश्वविद्यालय में इस वर्ष से कुछ नए पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों का मुख्य ध्येय यह है कि विद्यार्थियों में कौशल विकास के साथ–साथ उद्यमशीलता विकसित की जाएगी। साथ ही उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सफल तैयारी में सार्थक मदद प्रदान की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी केवल एक बार प्रवेश लेने के बाद तीन वर्षीय स्नातक, चार वर्षीय स्नातक (शोध) तथा द्विवर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहु–प्रवेश एवं बहु–निकास की सुविधा होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 की अनुसंशाओं के अनुक्रम में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिये स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रस्तावित किये जा रहे हैं। सामयिक आवश्यकता या शासकीय निर्देशों के अनुसार भविष्य में इन दिशा –निर्देशों में परिवर्तन/संशोधन किया जा सकता है ।

1. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम एक संकाय(कला ,विज्ञान या वाणिज्य ) का चयन करेगा जो अभ्यर्थी का अपना संकाय(Own Faculty) होगा। अभ्यर्थी अपने संकाय से दो मुख्य विषयों (Major Subjects) का चयन करेगा ।

2. अभ्यर्थी को इन दो मुख्य विषयों के अतिरिक्त एक माइनर विषय (Minor Subject) का भी चयन करना होगा। माइनर विषय अभ्यर्थी अपने संकाय या विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में उपलब्ध किसी अन्य संकाय से चुन सकता है। कला संकाय के अभ्यर्थियों को माइनर विषय के अन्तर्गत प्रायोगिक विषयों का आवंटन नहीं किया जाएगा।

3. अभ्यर्थी को दोनों चयनित मुख्य विषयों(Major Subjects) को स्नातक के तीनों वर्षों के सभी 6 सेमेस्टर में अध्ययन करना होगा जबकि माइनर विषय उसे केवल प्रथम दो वर्षों तक ही अध्ययन कर उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

4. माइनर विषय के दोनों पेपर का आवंटन क्रमशः स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में किया जाएगा । उसी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में उनकी परीक्षा भी सम्पन्न होगी।

5. मेजर विषय के पेपर के समान माइनर का पेपर भी 6 क्रेडिट का होगा।

6. कला संकाय के अन्तर्गत उल्लिखित समूहों में से किन्ही दो मुख्य विषयों (प्रत्येक समूह से एक) का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक विषय में सीटों की संख्या निर्धारित है। तृतीय माइनर वैकल्पिक विषय का चयन करते समय विद्यार्थियों को पूर्व–पात्रता का पालन भी करना होगा जो निम्नवत हैं :

अ– दो से अधिक भाषा विषय एक साथ चयनित नहीं किये जायेंगे।

ब–प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विषय एक साथ चयनित नहीं किये जायेंगे।

स– वाणिज्य के विद्यार्थियों को माइनर वैकल्पिक विषय अन्य संकाय से चयनित करने की स्वतन्त्रता होगी।

5. विद्यार्थियों का प्रवेश उनके इंटरमीडिएट एवं समकक्ष परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट निर्धारित करके किया जायेगा किन्तु यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक मेरिट बराबर है तो आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

6. विद्यार्थी सफलतापूर्वक प्रथम वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् यदि निकास करता है तो उसे सम्बन्धित संकाय में प्रमाणपत्र, दो वर्ष पूर्ण करने पर सम्बन्धित संकाय में डिप्लोमा, तीन वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक उपाधि, चतुर्थ वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक (शोध सहित मानद) तथा पाँच वर्ष पूर्ण करने पर सम्बन्धित संकाय में परास्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी।

संकायवार मेजर और माइनर विषयों के चयन की प्रक्रिया निम्नलिखित होगी :-

**कला संकाय (कला ,मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय)हेतु विषय संयोग (Subject Combination for Art Faculty) :**

**Group-A:** HINDI

**Group-B:** ENGLISH, SANSKRIT, URDU#

**Group-C:** ANC.HISTORY, MED.& MOD. HISTORY, GEOGRAPHY

**Group-D**: ECONOMICS, MUSIC(Inst.) TABLA

**Group-E**: SOCIOLOGY, MATHEMATICS*

**Group-F**: POLITICAL SCIENCE, MUSIC VOCAL

**Group-G**: PHILOSOPHY, DRAWING & PAINTING

**Group-H:** PHYSICAL EDUCATION, EDUCATION

**Group-I:** HOME SCIENCE, PSYCHOLOGY

**(II) विज्ञान संकाय हेतु विषय संयोग (Subject Combination for Science Faculty) :**

**Group-A:** PHYSICS*, ZOOLOGY*

**Group-B:** MATHEMATICS*, BOTANY*

**Group-C:** CHEMISTRY* HOME SCIENCE, PSYCHOLOGY

**Group-D**: GEOGRAPHY, COMPUTER APPLICATION,

**(III) वाणिज्य संकाय**

स्नातक वाणिज्य संकाय (बी 0 काम 0)

**(IV) शिक्षक -शिक्षा संकाय**

शिक्षक-शिक्षा संकाय (बी०एड्०) में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीट संख्या 50 है और इसमें प्रवेश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है। इस सन्दर्भ में सूच्य है कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप ही निर्धारित प्रवेश लिया जायेगा। निर्धारित संख्या से अधिक प्रवेश किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगे।

# विश्वविद्यालय परिसर में अभी उपलब्ध नहीं। **12 वीं कक्षा में यह विद्यार्थी का मेजर विषय होना चाहिए।

- अभ्यर्थी पहले मुख्य (MAJOR) विषय का चुनाव अपने संकाय के किसी एक विषय संयोग समूह से करेगा, तत्पश्चात दूसरे मुख्य विषय (MAJOR) का चुनाव उसी संकाय के किसी अन्य विषय समूह से करना होगा । मेजर विषय के रूप में अभ्यर्थी दो प्रायोगिक विषयों का चयन कर सकते हैं।
- अभ्यर्थी अपने दो चयनित समूहों को छोड़कर किसी अन्य विषय संयोग वाले समूह से किसी एक और विषय का चयन करेगा जो उसका माइनर विषय (MINOR SUBJECT) होगा।
- स्नातक में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम तीन सेमेस्टर में प्रत्येक में (**03 क्रेडिट** का) एक **कौशल विकास कोर्स** (Skill Development /Vocational Course ) का चयन करना होगा।
- स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम 04 सेमेस्टर में प्रत्येक में एक **सह -पाठ्यक्रम कोर्स (CO-Curricular**) का चयन कर पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अनिवार्य सह -पाठ्यक्रमों का सिलेबस (syllabus) उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## परास्नातक पाठ्यक्रमः **(M.A, M.Sc, M.Com.)**

विश्वविद्यालय वर्तमान सत्र 2026–27 से एम0ए0, एम0एस0सी, एवं एम0काम0 कुल 20 विषयों में स्नातक या समकक्ष परीक्षा प्राप्त अंको के मेरिट के आधार पर आवेदन आमंत्रित कर रहा है जिसकी अवधि 2 वर्ष (04 सेमेस्टर) निर्धारित है।

| परास्नातक एम0ए0, एम0एस0सी, एवं एम0काम0 | | | |
|---|---|---|---|
| क0सं0 | विभाग | विषय | न्यूनतम योग्यता |
| कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | | | |
| 1 | संस्कृत | संस्कृत | |
| 2 | हिन्दी | हिन्दी | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में 40 प्रतिशत (अनुसूचित जाति एवं जन जाति 35 प्रतिशत अंको) के साथ स्नातक उतीर्ण। |
| 3 | अग्रेजी | अग्रेजी | |
| 4 | चित्रकला | चित्रकला | |
| 5 | समाजशास्त्र | समाजशास्त्र | |
| 6 | राजनीति शास्त्र | राजनीति शास्त्र | |
| 7 | भूगोल | भूगोल | |
| 8 | प्राचीन इतिहास | प्राचीन इतिहास | |
| 9 | मध्यकालीन इतिहास | मध्यकालीन इतिहास | |
| 10 | मनोविज्ञान | मनोविज्ञान | |
| 11 | अर्थशास्त्र | अर्थशास्त्र | |
| 12 | दर्शन शास्त्र | दर्शन शास्त्र | |
| 13 | गृह विज्ञान | गृह विज्ञान | |
| 14 | शारीरिक शिक्षा | शारीरिक शिक्षा | |
| विज्ञान संकाय | | | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0एस–सी 45 प्रतिशत (अनुसूचित जाति एवं जन जाति 35 प्रतिशत अंको) के साथ उतीर्ण। |
| 15 | गणित | गणित | |
| 16 | भौतिक विज्ञान | भौतिक विज्ञान | |
| 17 | रसायन विज्ञान | रसायन विज्ञान | |
| 18 | वनस्पति विज्ञान | वनस्पति विज्ञान | |
| 19 | जन्तु विज्ञान | जन्तु विज्ञान | |
| वणिज्य संकाय | | | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0काम0 40 प्रतिशत (अनुसूचित जाति एवं जन जाति 35 प्रतिशत अंको) के साथ उतीर्ण। |
| 20 | वणिज्य | वणिज्य | |

**PG Course in M.A. in Mass Communication & Journalism (MA-JMC)**

(Under Self Finance mode will be introduced from this Year

# NEW COURSES

## THAT WILL BE INTRODUCED

## FROM THIS YEAR

## IN SELF – FINANCE MODE

नए पाठ्यक्रम,
नई संभावनाएं,
उज्जवल भविष्य!

1. B.Sc. Agriculture (B.Sc. Ag.)
2. B.Sc. in Statistics and Data Analysis
3. B.Sc. in Microbiology
4. B.Sc. Biochemistry
5. B.Sc. Industrial Chemistry
6. B.Sc. Computer Science
7. BBA
8. BCA
9. BJMC




## WHY CHOOSE THESE COURSES?

- Career-Oriented Courses for the Future
- Industry-Relevant Curriculum
- Skill-Based & Practical Learning
- Excellent Placement Opportunities

*Explore. Learn. Excel.*

Take the Next Step Towards a ***Brighter Tomorrow!***

# प्रवेश प्रक्रिया एवं नियमावली

1. स्नातक प्रथम एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर स्तर हेतु आवेदन आनलाईन किया जायेगा।

2. आवेदन प्रारम्भ होने तथा समाप्त होने की समय–सारणी विश्वविद्यालय सूचना पट्ट, विश्वविद्यालय की बेवसाइट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।

3..विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की उपलब्धता समय–समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के आधार पर तय की जायेगी।

4. प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।

5. शासन द्वारा विभिन्न आरक्षित वर्गो यथा, अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग (EWS) तथा अन्य के लिये किये गये प्रावधानों का पालन किया जायेगा।

6. बी0ए0/बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह प्रतिबंध अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा।

7. बी0ए0/बी0काम परीक्षा में 40 प्रतिशत तथा बी0एस–सी0 परीक्षा में 45 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यह प्रतिबन्ध अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा।

8. विज्ञान वर्ग से इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी बी0एस–सी0, बी0काम0 तथा बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु भी अर्ह होंगे। इसी प्रकार वाणिज्य वर्ग से उत्तीर्ण अभ्यर्थी बी0काम0 एवं बी0ए0 पाठ्यक्रम में भी प्रवेश हेतु अर्ह होंगे। कला वर्ग से उत्तीर्ण अभ्यर्थी केवल बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु ही आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक संकाय के लिये अलग–अलग आवेदन करना होगा।

9. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के विषयों में से ही किसी विषय का चयन करना होगा, तथा प्रत्येक विषय के लिये अलग–अलग आवेदन करना होगा।

10. किसी कक्षा में प्रवेश लेकर परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने अथवा परीक्षा छोड़ देने वाले छात्र/छात्रा को पुनः उसी कक्षा में अथवा संकाय बदल कर पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

11. किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु दो वर्ष से अधिक शैक्षणिक अंतराल वाले अभ्यर्थी अर्ह नहीं होंगे।

12. स्नातक प्रथम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश अनिवार्यतः मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जायेगा।

13. मेरिट लिस्ट, अर्हता प्रदायिनी परीक्षा में प्राप्त ''प्रतिशत'' एवं ''अधिभार'' अंकों के योग के आधार पर तैयार की गयी 'इण्डेक्स' के आधार पर तैयार की जायेगी।

14. भदोही जिले से इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 05 अंक अधिभार दिये जायेंगे।

15. इसी प्रकार काशी नरेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपुर से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 05 अंक अधिभार दिये जायेगे।

16. किसी पाठ्यक्रम में दो वर्ष से अधिक शैक्षणिक अन्तराल वाले अभ्यर्थी आवेदन हेतु अर्ह नहीं होंगे। एक वर्ष अन्तराल वाले अभ्यर्थियों की इण्डेक्स की गणना करते समय अर्हता प्रदायिनी परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत से 05 अंक एवं दो वर्ष अन्तराल के लिए 08 अंक की कटौती की जायेगी। शैक्षणिक अन्तराल वाले अभ्यर्थियों को नोटरी शपथ–पत्र काउन्सिलिंग के समय अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।

17. किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इस विश्ववद्यालय में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के पुत्र/पुत्री, पति/पत्नी, सगे भाई/सगी बहन को 10 अंक का अधिभार प्रदान किया जाएगा।

18. विभिन्न प्रमाण पत्र धारकों को निम्नलिखित विवरणानुसार अधिभार देय होगा –

(अ) एन0सी0सी0

1 – 'बी' सर्टिफिकेट 01 अंक

2 – 'सी' सर्टिफिकेट 02 अंक

3 – आर. डी. परेड 03 अंक

(ब) एन0एस0एस (राष्ट्रीय सेवा योजना)

1 – दो वर्ष की सदस्यता, एक विशेष 7/10 दिवसीय शिविर 01 अंक

2 – दो वर्ष की सदस्यता, दो विशेष 7/10 दिवसीय शिविर 02 अंक

(स) रोवर्स/रेंजर्स (स्काउड/गाईड)

1 – बेसिक कोर्स सर्टिफिकेट/प्रवीण प्रमाण पत्र 01 अंक

2 – विश्वविद्यालय समागम सहभागिता/निपुण प्रमाण–पत्र 02 अंक

3 – प्रदेश समागम/राष्ट्रपति पुरस्कार 03 अंक

(द) एन0जी0पी0ई0 सर्टिफिकेट 01 अंक

(य) 1 – अन्तरविद्यालयीय/मण्डलीय खेल कूद 01 अंक

2 – राज्य स्तरीय/राष्ट्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी 02 अंक

(र) दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश में नियमानुसार वरीयता प्रदान की जायेगी।

(ल) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की संतानों को प्रवेश में नियमानुसार वरीयता प्रदान की जायेगी।

किसी भी परिस्थिति में **अधिकतम अधिभार** 15 अंक से अधिक नहीं होगा।

19. समय–समय पर घोषित की जाने वाली मेरिट लिस्ट (वरीयता सूचियों) संबंधी सूचना, सूचना पट्ट, वेबसाईट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी तथा मेरिट में स्थान पाये अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश आवेदन में पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एस0एम0एस0 (SMS)द्वारा सूचित किया जायेगा।
20. मेरिट लिस्ट में साक्षात्कार (काउन्सिलिंग) हेतु चयनित अभ्यर्थियों को पाँच रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, समस्त मूल साक्ष्यों यथा समस्त अंक पत्रों, प्रमाण पत्रों, चरित्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्रों तथा आरक्षण श्रेणी/अधिभार सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं उनकी छाया प्रतियों को अपने काउन्सिलिंग लेटर के साथ निर्धारित समयावधि में ही प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित समयावधि में प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत न होने पर पुनः प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। इस महाविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र नहीं प्रस्तुत करना होगा।
21. व्यक्तिगत रुप से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिये किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र (जो विगत छः माह की अवधि के अन्दर जारी किया गया हो) को काउन्सिलिंग के समय मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा। साथ ही ऐसे अभ्यर्थी को उस विद्यालय/महाविद्यालय का स्थानान्तरण प्रमाण पत्र काउन्सिलिंग के समय मूल रुप में प्रस्तुत करना होगा, जहॉ उसने अंतिम बार संस्थागत रुप से अध्ययन किया हो।
22. अन्य विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय नामांकन के समय अपना प्रवजन प्रमाण पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) मूल रुप में जमा करना होगा।
23. अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने पर प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।
24. अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा तथा गलत सूचना देने अथवा किसी तथ्य को छिपाने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।
25. ऐसे अभ्यर्थियों को जो किसी शैक्षणिक संस्था द्वारा अनुशासनहीनता/अनुचित साधन प्रयोग के लिये दण्डित किये गये हो, प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
26. जिस अभ्यर्थी पर भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत किसी अभियोग में मुकदमा चल रहा हो/दण्डित किया गया हो, को प्रवेश नहीं दिया जायेगा तथा पता चलने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
27. उ0प्र0 स्टेट यूनी0 एक्ट 1973 के अनु0 8बी0 धारा 45, उपधारा (4) के अनुसार कार्य एवं व्यवहार असंतोषजनक होने पर किसी भी छात्र/छात्रा को निष्कासित किया जा सकता है।

# KASHI NARESH UNIVERSITY, BHADOHI

*Quality Education, Strong Values, Bright Careers.*

## ADMISSION OPEN 2026-27

### GLIMPSES OF OUR CAMPUS



Annual Prize Distribution Ceremony



Plant Identification & Collection Visit



Educational Tour / Field Visit




Guest Lecture under Alumni Association



Pre Ph. D Course Work (SPSS Training)



Honoring Excellence, Inspiring Achievements

## WHY CHOOSE US?

**Quality Education**
Well-qualified & Dedicated Faculty

**Modern Facilities**
Smart Classrooms, Computer Lab, Library & Wi-Fi

**Holistic Development**
Co-curricular Activities, Seminars, Workshops & Skill Development

**Safe & Supportive Environment**
Secure Campus with Mentoring & Counseling

**Career Guidance**
Placement Assistance, Competitive Exam Preparation

## PROGRAMMES OFFERED

### UG PROGRAMMES

- **B.A.** Bachelor of Arts
- **B.Sc.** Bachelor of Science
- **B.Com.** Bachelor of Commerce
- **B.B.A.** Bachelor of Business Administration
- **B.C.A.** Bachelor of Computer

### PG PROGRAMMES

- **M.A.** Master of Arts
- **M.Sc.** Master of Science
- **M.Com.** Master of Commerce

### RESEARCH PROGRAMMES

**Ph.D. (Doctor of Philosophy) in all disciplines**

### NEW ATTRACTIONS (Self Finance Mode)

1. B.Sc. in Statistics and Data Analysis
2. B.Sc. in Microbiology
3. B.Sc. Biochemistry
4. B.Sc. Industrial Chemistry
5. B.Sc. Ag.
6. B.Sc. Computer Science
7. BBA Bachelor of Business Administration
8. BCA Bachelor of Computer Applications
9. BJMC Bachelor of Journalism & Mass Communication

Merit, Reservation and Scholarship as per Government Norms

## HOW TO REACH US




**Kashi Naresh University (KNPG Campus)**
Gyanpur, Dist. Bhadohi,
Uttar Pradesh - 221304

*Empowering Students. Enlightening Futures. Building Leaders for Tomorrow.*